**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2892**
**12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## आन्ध्र प्रदेश में अमृत 2.0 के अंतर्गत प्रगति

**†2892. डॉ. बायरेड्डी शबरीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नान्दयाल, आन्ध्र प्रदेश के लिए अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 के अंतर्गत कुल कितनी परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं और प्रत्येक अनुमोदित परियोजना का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और कितनी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं तथा कितनी परियोजनाएं अभी शुरू की जानी हैं;

(ग) क्या अमृत 2.0 के अंतर्गत नान्दयाल के लिए 15 परियोजनाओं में कुल स्वीकृत परियोजना लागत 280 करोड़ रुपए है, लेकिन अभी तक दस करोड़ रुपए की केवल 4 परियोजनाएं ही प्रदान की गई हैं और यदि हां, तो शेष परियोजनाओं को निधि प्रदान करने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या नान्दयाल में अमृत 2.0 परियोजनाओं के लिए कोई प्रस्ताव लंबित हैं और यदि हां, तो उनके अनुमोदन की समय-सीमा क्या है और इसके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ग): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 के अंतर्गत, नांदयाल जिले में 280 करोड़ रु. की लागत की 15 परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें 141.21 करोड़ रु. की लागत की 10 जलापूर्ति परियोजनाएँ, 135.13 करोड़ रु. की लागत की 04 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएँ और 3.5 करोड़ रु. की लागत की 01 जलाशय पुनरुद्धार परियोजना शामिल है। इन 15 परियोजनाओं में से 58.42 करोड़ रु. की लागत की 6 परियोजनाओं के ठेके दिए जा चुके हैं और 58.42 करोड़ रु. की लागत की 09 परियोजनाएँ निविदा जारी करने के चरण में हैं। परियोजना-वार विवरण अनुलग्नक में है।

इसके अलावा, जैसा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने बताया है, इन परियोजनाओं को आवंटित करने में देरी, परियोजनाओं की ग्रुपिंग करके निविदाएं आमंत्रित करने की रणनीति में बदलाव और हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) जैसे नवीन मॉडलों के प्रयोग के कारण हुई है।

(घ): इस मंत्रालय के पास अमृत 2.0 के अंतर्गत नांदयाल जिले के लिए कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

******

**अनुलग्नक**

**"आन्ध्र प्रदेश में अमृत 2.0 के अंतर्गत प्रगति" के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने हेतु अतारांकित प्रश्न संख्या 2892 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**अमृत 2.0 के तहत नांदयाल जिले में अनुमोदित परियोजनाएं**

(लागत करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | शहरी स्थानीय निकाय का नाम | क्षेत्र | परियोजना का शीर्षक | परियोजना स्थिति | परियोजना लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नांदयाल | जलापूर्ति | एपीटीआईडीसीओ - कुरनूल जिले के नांदयाल यूएलबी में जल आपूर्ति सुविधा प्रदान करना | ठेका दे दिया गया है। कार्यान्वयन चरण में है। | 3.34 |
| 2 | नांदयाल | सीवरेज/ सेप्टेज प्रबंधन | एपीटीआईडीसीओ - कडप्पा जिले के नांदयाल में अय्युलुरिमिट्टा में 1.00 एमएलडी एसटीपी प्रदान करना | ठेका दे दिया गया है। कार्यान्वयन चरण में है। | 4.02 |
| 3 | नांदयाल | सीवरेज/ सेप्टेज प्रबंधन | अमृत 2.0 के तहत नांदयाल सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजना | निविदा के चरण में | 27.47 |
| 4 | नांदयाल | जलापूर्ति | अमृत 2.0 के अंतर्गत नांदयाल नगर पालिका में जलापूर्ति योजना उपलब्ध कराना | निविदा के चरण में | 32.94 |
| 5 | नांदयाल | जलापूर्ति | अमृत 2.0 के तहत नांदयाल नगर पालिका में कमजोर वर्ग की कॉलोनियों में जल आपूर्ति प्रदान करना | निविदा के चरण में | 10.47 |
| 6 | नांदयाल | सीवरेज/ सेप्टेज प्रबंधन | अमृत 2.0 के तहत नांदयाल नगर पालिका में कमजोर वर्ग की कॉलोनियों को सीवरेज प्रदान करना | निविदा के चरण में | 29.64 |
| 7 | नांदयाल | सीवरेज/ सेप्टेज प्रबंधन | अमृत 2.0 के तहत नांदयाल नगर पालिका में सीवरेज योजना प्रदान करना | निविदा के चरण में | 74 |
| 8 | नांदयाल | जलाशय पुनरूद्धार | अमृत 2.0 के तहत नांदयाल नगर पालिका में चिन्ना चेरुवु का कायाकल्प | निविदा के चरण में | 3.5 |
| 9 | धोने | जलापूर्ति | एपीटीआईडीसीओ - कुरनूल जिले के धोने शहरी स्थानीय निकाय में जलापूर्ति सुविधा प्रदान करना | ठेका दे दिया गया है। कार्यान्वयन चरण में है। | 0.26 |
| 10 | धोने | जलापूर्ति | धोने नगर पालिका को जलापूर्ति इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना | निविदा के चरण में | 23.56 |
| 11 | नांदीकोटकुर | जलापूर्ति | अमृत 2.0 के अंतर्गत नांदीकोटकुर | निविदा के चरण में | 10.18 |

| क्र.सं. | शहरी स्थानीय निकाय का नाम | क्षेत्र | परियोजना का शीर्षक | परियोजना स्थिति | परियोजना लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नगर पालिका में कमजोर वर्ग की कॉलोनियों में जलापूर्ति उपलब्ध कराना | | |
| 12 | अल्लागड्डा | जलापूर्ति | एपीटीआईडीसीओ - कुरनूल जिले के अल्लागड्डा शहरी स्थानीय निकाय में जल आपूर्ति सुविधा प्रदान करना | ठेका दे दिया गया है। कार्यान्वयन चरण में है। | 3.14 |
| 13 | बेथमचार्ला | जलापूर्ति | जल आपूर्ति सुविधाएं प्रदान करना (एचएससी, वितरण नेटवर्क, जल निकायों के पुनरुद्धार सहित), | ठेका दे दिया गया है। कार्यान्वयन चरण में है। | 45 |
| 14 | बेथमचार्ला | जलापूर्ति | अमृत 2.0 के अंतर्गत बेथमचरला नगर पंचायत में कमजोर वर्ग की कॉलोनियों में जलापूर्ति उपलब्ध कराना | ठेका दे दिया गया है। कार्यान्वयन चरण में है। | 2.66 |
| 15 | आत्मकुर_के | जलापूर्ति | अमृत 2.0 के अंतर्गत आत्मकुर नगर पालिका में कमजोर वर्ग की कॉलोनियों में जलापूर्ति उपलब्ध कराना | निविदा के चरण में | 9.66 |
| कुल | | | | | 279.84 |

*****